# दृष्टि
# THE VISION
# SSMV BULLETIN

प्रकाशन वर्ष - 2018 अवधि:-जुलाई-सितम्बर अंक:- 01

## अध्यक्ष संदेश ....



हर्ष का विषय है कि श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर बुलन्दशहर द्वारा "दृष्टि" त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसमें संस्थान द्वारा करायी जा रही विविध शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जा रही है। यह जानकारी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ें पाठकों व शिक्षाविदों इत्यादि के लिये अत्यन्त उपयोगी होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

"दृष्टि" पत्रिका के सम्पादन के लिये सम्पादक मण्डल को बधाई देता हूँ, साथ ही पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

अशोक कुमार मित्तल

## प्रबंधक संदेश ....



अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, बुलन्दशहर द्वारा त्रैमासिक समाचार पत्रिका " दृष्टि " का प्रकाशन किया जा रहा है। इस पत्रिका में महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों तथा जीवन दर्शन, शिक्षा दर्शन, शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रतिवेदन उपलब्ध है। इससे ज्ञात होता है कि महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु पठन पाठन के साथ ही अन्य गतिविधियां भी समय-समय पर करायी जा रही हैं।

" दृष्टि " पत्रिका के निरन्तर प्रकाशन के लिए सम्पादक मण्डल को हार्दिक शुभकामनायें व बधाई।

डा० प्रमोद कुमार मित्तल

## कोषाध्यक्ष संदेश ....



श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर द्वारा त्रैमासिक "दृष्टि" पत्रिका का प्रकाशन अत्यन्त प्रशंसनीय कार्य है। इस पत्रिका के माध्यम से संस्था में निरन्तर क्रियान्वित होने वाले विभिन्न आयोजनों, शैक्षिक गतिविधियों एवं अन्य क्रियाकलापों की जानकारी प्राप्त होती है। यह जानकारी अन्य शिक्षण संस्थाओं एवं विद्यार्थियों के लिये भी उपयोगी सिद्ध होगी।

मैं अपनी शुभकामनायें सम्पादक मण्डल एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को प्रेषित करता हूँ।

प्रदीप कुमार सिंघल

## प्राचार्य संदेश ....



"दृष्टि" शिक्षा जगत के छात्रों, शिक्षकों, शिक्षाविदों, नियामकों एवं नियन्ताओं को अभिनव दृष्टि प्रदान करने में सफल हो, इसी उद्देश्य से इसका प्रकाशन किया जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह लघु कृति निश्चित रूप से दिशा दर्शक सिद्ध होगी। प्रकाशन के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ...

डॉ० अशोक कुमार शर्मा

## सम्पादक मण्डल


मुख्य सम्पादक - डा० अशोक कुमार शर्मा
सम्पादक - प्रदीप कुमार शर्मा
सह-सम्पादक - गजेन्द्र पाल सिंह
- अभिनव राना
- साक्षी गर्ग
तकनीकी सहायक - अनुज सिंह चौहान


## सम्पादकीय ....



बन्धुवर,

उत्तर प्रदेश के जिला बुलन्दशहर में मेरठ-बंदायूँ राजमार्ग पर स्थित एवं अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान के अंतर्गत कार्यरत् श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर, जिसका शिलान्यास मा० स्व० अटल बिहारी वाजपेयी जी (पूर्व प्रधानमंत्री) के कर-कमलों द्वारा हुआ, विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगभग १८ वर्षो से ज्ञान का प्रकाश फैला रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में पठन-पाठन के साथ समय-समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को "दृष्टि" त्रैमासिक पत्रिका के माध्यम से प्रस्तुत करने की कोशिश महाविद्यालय परिवार द्वारा की जा रही है। पत्रिका को और अधिक उपयोगी तथा प्रभावशाली बनाने हेतु आपके अमूल्य सुझावों की अपेक्षा सहित पत्रिका का प्रथम अंक आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

आशा है, आपका स्नेह तथा आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता रहेगा।

प्रदीप कुमार शर्मा



## महाविद्यालय सत्र 2018-19 प्रारम्भ



दिनांक 27 जुलाई 2018 को महाविद्यालय के सत्र प्रारम्भ होने एवं गुरू पूर्णिमा के अवसर पर महाविद्यालय में हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 राजीव सक्सैना, कुलपति (जे0पी0 विश्वविद्यालय, अनूपशहर) रहे। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 प्रमोद कुमार मित्तल, श्री बिजेंद्र दत्त शर्मा (अध्यक्ष), सूरजभान इण्टर कालिज व प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर शिक्षा संकाय की पत्रिका "Vibrant Education" का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री यतन शर्मा व श्री राहुल भारद्वाज द्वारा किया गया।

## मेंहदी प्रतियोगिता

दिनांक 13 अगस्त 2018 को महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एम0ए0 तथा बी0ए0 गृहविज्ञान की छात्राओं द्वारा भाग लिया गया तथा अपने रचनात्मक कौशल तथा मेंहदी के डिजाइनों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा कु0 सारिका, द्वितीय स्थान बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा कु0 कोमल तथा तृतीय स्थान बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा ऐनी ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में प्राध्यापक सुश्री निधि गुप्ता, डा0 हेमा राघव व सुश्री रेशू भारद्वाज रहे। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने उपस्थित रहकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



## स्वतंत्रता दिवस



महाविद्यालय में 71वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंघल तथा प्रबन्ध समिति के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकायें तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा देश भक्ति गीत, कवितायें, भाषण तथा नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन प्राध्यापक डा0 राजकुमार सिंह एवं पुस्तकालयाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जंतु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान विभागों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपण किया गया जिसमें प्राचार्य महोदय तथा दोनों विभागों के प्राध्यापकों ने उपस्थित विद्यार्थियों को वृक्षारोपण से होने वाले लाभों के सम्बन्ध में अवगत कराया। कार्यक्रम मे बी0एस–सी0 बायोलॉजी के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक श्री यतन शर्मा व सुश्री रेशू भारद्वाज रहे।

## प्रतिभा परिचय

शिक्षा संकाय में दिनांक 22 अगस्त 2018 को प्रतिभा परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के नवीन विद्यार्थियों द्वारा अपनी रूचियों तथा प्रतिभाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। प्राचार्य महोदय तथा विभाग के प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गयी। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी द्वारा किया गया।



## शिक्षक दिवस



दिनांक 5 सितम्बर 2018 को महाविद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 डी0पी0गुप्ता, सेवानिवृत न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा मुख्य वक्ता श्री जयपाल सिंह, विधान परिषद सदस्य, बरेली रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मित्तल, प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल एवं कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंघल के साथ प्रबन्ध समिति के सभी सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

दिनांक 8 सितम्बर 2018 को शिक्षा संकाय में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य महोदय, प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण के जीवन से संबधित विभिन्न घटनाओं तथा शिक्षा व राजनीति के सम्बन्ध में उनके विचारो के बारे में अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। प्राध्यापक श्री गजेंद्र पाल सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहें।





## वृक्षारोपण

दिनांक 10 सितम्बर 2018 को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपण किया गया जिसमें महाविद्यालय के पूर्व प्रबन्धक श्री नरेश चंद सिंघल, प्राचार्य महोदय तथा विभाग के समस्त प्राध्यापकों ने भाग लिया तथा उपस्थित विद्यार्थियों को वृक्षारोपण से होने वाले लाभों के सम्बन्ध में अवगत कराया। कार्यक्रम मे बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष तथा एम0एस–सी0 प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डॉ0 नीरज कुमार रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

दिनांक 11 सितम्बर 2018 को महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गृहविज्ञान की सभी छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता हेतू चार समूह बनाये गये तथा सभी प्रतिभागियों ने अपनी बुद्वि, तर्क एवं रूचि का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रायें, द्वितीय स्थान पर एम0ए0 गृहविज्ञान की छात्रायें तथा तृतीय स्थान पर बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रायें रही। निर्णायक मण्डल में प्रबन्धक महोदय तथा प्राचार्य महोदय आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक सुश्री निधि गुप्ता तथा श्रीमती वंदना सिंह ने किया।

## हिन्दी दिवस

दिनांक 14 सितम्बर 2018 को महाविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुशील कुमार, क्षेत्रीय बौद्विक प्रमुख तथा विशिष्ठ अतिथि श्री प्रदीप कुमार गर्ग, डायरेक्टर श्रीराम इंस्टीटयूट डिबाई के साथ शिकारपुर क्षेत्र की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रमुख भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति तथा उपस्थित अतिथियो द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "उमंग" का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापक श्रीमती कीर्ति भारद्वाज रही तथा संचालन प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह एवं श्री राहुल भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता

महाविद्यालय के जंतु विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 15 सितम्बर 2018 को ओजोन दिवस के अवसर पर ओजोन तथा ग्लोबल वार्मिंग विषय पर एक पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0एस–सी0 प्रथम तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने ओजोन लेयर तथा ग्लोबल वार्मिंग पर विभिन्न प्रकार के पोस्टर तथा स्लोगन प्रस्तुत किये। बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष की छात्रा दृष्टि सिंह ने पोस्टर प्रतियोगिता मे तथा चारू शर्मा ने स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष की छात्रा रिया राजपूत ने पोस्टर प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। संयोजक अध्यापक श्री यतन शर्मा व सुश्री रेशु भारद्वाज रहे।

## विद्यार्थी-शिक्षक एक्सचेंज कार्यक्रम



महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 20 सितम्बर 2018 को एक नये आयाम की शुरूआत करते हुये विद्यार्थी–शिक्षक एक्सचेंज कार्यक्रम की शुरूआत की । कार्यक्रम में श्रीराम इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी डिबाई के शिक्षा विभाग के शिक्षकों श्री जसवीर सिंह, श्री धर्मेन्द्र कुमार एवं शिक्षार्थियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम तीन सत्रों – शैक्षिक , संसाधन निरीक्षण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल द्वारा भी अपने विचार प्रस्तुत किये गयें। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी ने किया। प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा के साथ शिक्षा संकाय के समस्त प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

## सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी प्रयोगशाला

शिक्षा संकाय में दिनांक 06 सितम्बर से 22 सितम्बर 2018 तक एक सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी प्रयोगशाला का आयोजन किया गया जिसमें बी0एड0 द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राध्यापक सुश्री शालिनी शर्मा ने कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और नेटवर्किंग तथा श्रीमती कविता चौधरी ने सूचना संप्रेषण, दृश्य–श्रव्य सामग्री तथा अन्य सूचना सम्बन्धी क्षेत्रों की जानकारी दी। डा0 संदीप कुमार इस कार्यशाला के संयोजक रहें तथा उन्होने भी सूचना तकनीकी सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। विभाग के सभी अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

दिनांक 24 सितम्बर 2018 को बायोटेक विभाग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी0एस–सी बायोटेक के सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। विवेक चौधरी ने प्रथम, शिखा ने द्वितीय और सुषमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बायोटेक विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक डॉ0 योगेन्द्र सिंह रहे।

## खेल-कूद उपलब्धि

सितम्बर माह में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में विद्यार्थियों द्वारा जिला स्तरीय तथा मंडल स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। कु0 प्रियंका शर्मा, एम0ए0 प्रथम समाजशास्त्र ने जिला स्तरीय तथा मंडल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मी0 व 400 मी0 बाधा दौड में भाग लिया तथा दोनो ही स्तरों पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा का चयन राज्य स्तरीय टीम में भी हुआ। उपरोक्त प्रतियोगितायें मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में सम्पन्न हुई। प्राध्यापक श्री ब्रजपाल सिंह तथा श्री राहुल भारद्वाज के दिशा निर्देश में छात्रा द्वारा यह उपलब्धि प्राप्त की गयी।

## पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयंती



दिनांक 25 सितम्बर 2018 को महाविद्यालय प्रांगण में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा, प्राध्यापक श्री गजेंद्र पाल सिंह, श्री यतन शर्मा व श्री हरिओम शर्मा तथा छात्र–छात्राओं द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से सम्बन्धित विभिन्न पहलूओं पर विचार व्यक्त कियें गये। इस अवसर पर महाविद्यालय में भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। उपरोक्त कार्यक्रम की शुरूआत करते हुये प्रबन्धक महोदय, प्राचार्य महोदय, रसायन विभाग के समस्त प्रवक्तागण तथा बी0एस–सी0, एम0एस–सी0 के विद्यार्थियों द्वारा परिसर में साफ सफाई का कार्य किया गया।








"नैक मूल्यांकित"

# श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला-बुलन्दशहर

Website: www.ssmvcllg.com, Email- skr.ssmvcollege5@gmail.com

Phone :- 09258321276, 09258321279, 09258321278



## मुख्य आकर्षण :-

- मेरठ-बंदायूँ राजमार्ग पर हरा-भरा प्रदूषण रहित तीन मंजिला परिसर।
- पठन-पाठन हेतु हवादार व प्रकाश युक्त व्याख्यान कक्ष।
- अद्यतन संसाधनों से युक्त प्रयोगशालायें।
- उच्च स्तरीय अध्ययन एवं शोध हेतु देशी विदेशी प्रकाशनों से युक्त आकर्षक पुस्तकालय।
- खेलकूद हेतु विशाल क्रीडा मैदान।
- लोक सेवा हेतु रज्जू भैया शोध संस्थान।
- बहुउद्देश्यीय सभागार तथा ऑडिटोरियम।
- विभिन्न वनस्पतियों, पौधों व पुष्पों से युक्त वानस्पतिक उद्यान।
- जनसेवा हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई।
- विद्यार्थियों हेतु व्यक्तित्व विकास कार्यशालायें।

## महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम :-

- एम०एड० (दो वर्षीय)
- बी०एड० (दो वर्षीय)
- एम०एस-सी० गणित
- एम०एस-सी० रसायन विज्ञान
- एम०एस-सी० बायोटेक्नोलॉजी
- एम०ए० गृह विज्ञान
- एम०ए० समाजशास्त्र
- बी०एस-सी० गणित
- बी०एस-सी० बायोलॉजी
- बी०एस-सी० बायोटेक्नोलॉजी
- बी०सी०ए०
- बी०कॉम०
- बी०ए० (केवल छात्राओं हेतु)




Garg Printers # 9837018740